आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 16.08.2024    समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी को हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का दिया आश्वासन ।
- सम्मान समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की पुलिस कर्मियों के कामकाज की सराहना ।
- 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा, मलयालम फिल्म अट्टम को मिला सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार।
- प्रदेश में रक्षा बंधन की रौनक से गुलज़ार हुए राखी बाजार ।

**मोदी - बांग्लादेश**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपने देश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है उन्होंने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। बातचीत के दौरान उन्होंने मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान प्रदान किया श्री मोदी ने लोकतंत्रातिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत का समर्थन दोहराया।

**पुलिस सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस ने सुव्यवस्था स्थापित करने और अपराधों पर नियंत्रण के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय पदक अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट सेवा, सराहनीय सेवा और वीरता के लिए सम्मानित हुए 69 पुलिस अधिकारियों और जवानों के पारिवारिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने अनेक अवसरों पर खुद के जीवन को दांव पर लगाकर अपना दायित्व निभाया है। वहीँ, राजभवन में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अब रिएक्टिव पुलिसिंग से प्रिडिक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि विगत 6 माह में पुलिस द्वारा नक्सल गतिविधियों पर कड़ाई के साथ निरंतर कार्रवाई की गई है। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने असामाजिक तत्वों, राष्ट्रविरोधी ताकतों का

कठोरता से दमन और गौ-वंश के अवैध परिवहन रोकने की प्रभावी कार्रवाई भी की है।

**सीईसी- विधानसभा चुनाव**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव अगले महीने की 18 तारीख से तीन चरणों में और हरियाणा में एक ही चरण में पहली अक्टूबर को होंगे। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में इस चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण का मतदान अगले महीने की 18 तारीख को, दूसरे चरण का 25 तारीख को और तीसरे तथा अंतिम चरण का मतदान पहली अक्टूबर को होगा। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में 87 लाख से अधिक मतदाता 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। हरियाणा विधानसभा चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाता, मतदान कर सकते हैं। वह 20 हजार से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किये जायेंगे।

**मुख्यमंत्री डिंडोरी**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज डिंडोरी पहुंचे. यहाँ शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिले को 147 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी. उन्होंने जिले के विक्रमपुर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, किसानो को पानी के लिए बिजली की व्यवस्था, गाड़ासरई में उप तहसील की स्थापना और जिले में आयुर्वेदिक कॉलेज की स्थापना की घोषणा की., मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटों का निर्माण, नर्मदा पुल से मुड़की तक टू लेन सड़क के साथ ही अन्य विकास कार्यों की सौगात दी।

**डॉक्टर हड़ताल**

कोलकाता में 8 अगस्त को प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। भोपाल में एम्स के बाद हमीदिया अस्पताल जूनियर डॉक्टरों ने भी काम बंद कर दिया है। इंदौर में भी जूनियर डॉक्टर्स आज इमरजेंसी केस ही देख रहे हैं । जबलपुर, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, रतलाम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डॉक्टर हड़ताल के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं।

भोपाल में हड़ताल से निपटने गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने सभी डॉक्टरों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। 24 घंटे ड्यूटी पर रहने के आदेश भी जारी किए हैं। साथ ही मेडिकल टीचर्स को इमरजेंसी, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, वार्ड में तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

**राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार**

वर्ष 2022 के 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा आज नई दिल्ली में कर दी गई। मलयालम फिल्म अट्टम को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म घोषित किया गया है जबकि आईना को सर्वश्रेष्ठ नॉन फीचर फिल्म का सम्मान मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार फिल्म ऊंचाई के लिए सूरज बडजात्या को दिया गया है। फिल्म कंतारा में अभिनय के लिए ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सम्मान दिया गया है। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार तमिल फिल्म तिरूचित्रमबलम में काम करने के लिए नित्या मेनन और गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस की अभिनेत्री मानसी पारेख को प्रदान किया गया है। सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्व गायक का पुरस्कार अरिजीत सिंह और सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायक का पुरस्कार बाम्बे जयश्री को दिया गया है।

**भारतीय भाषा महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय भाषा महोत्सव हमारी समृद्ध भाषा और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और प्रोत्साहित करने का अद्भुत अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय द्वारा आयोजित भारतीय भाषा महोत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भाषाओं के साथ-साथ बोलियों का भी विशेष महत्व रहा है। बोलियों की विशेषता क्षेत्रीय इतिहास से भी जुड़ी है।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संस्कृत और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के संयोजक श्री विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि सप्रे संग्रहालय द्वारा 'अपनी भाषा पर अभिमान-सभी भाषाओं का सम्मान' के विचार सूत्र के साथ भाषायी सौहार्द-समन्वय और सर्वसमावेशी भाव से भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.

**राखी बाजार**

प्रदेश के बाजारों में रक्षा बंधन की रौनक दिखाई देने लगी है। रक्षा बंधन को अब केवल तीन दिन बचे हैं और बाजार रंग-बिरंगी और आकर्षक राखी से सजे हुए हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर सहित सभी प्रमुख शहरों में राखी के आकर्षक बाजार सजे हैं और ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है. इस बार बाजार में रुद्राक्ष, ब्रेसलेट और मोतियों से बनी राखी की मांग ज्यादा है। खासकर कोलकाता और गुजरात की बनी राखियों की मांग अधिक है। नई डिजाइन के साथ ही कस्टमाइज्ड राखियां भी उपलब्ध हैं। इसमें चेन, घड़ी, ब्रेसलेट और कपल राखी शामिल है।

**इंदौर पंचायत उद्योग**

इंदौर जिले में उद्योग विहीन ग्राम पंचायतों में उद्योग लगाने का सिलसिला लगातार जारी है। इंदौर की शत-प्रतिशत पंचायतों में उद्योग स्थापना वाला जिला बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उद्योग लगाने के लिये युवाओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण के साथ अनुदान पर लोन भी दिया जा रहा है। जिले में अभी तक लगभग 28 करोड़ रुपये के निवेश से 92 ग्राम पंचायतों में उद्योग लग चुके हैं। शेष 68 ग्राम पंचायतों में भी उद्योग लगाने के संबंध में योजना बद्ध रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। अब तक लग चुकी इन औद्योगिक ईकाइयों के माध्यम से उद्यमी सहित लगभग 400 युवाओं को रोजगार मिल रहा है। जिले में कुल 334 ग्राम पंचायतों में से 160 ग्राम पंचायतें उद्योग विहीन थी।

**जेल सुधार**

राज्य शासन द्वारा जेलों में सुधार, जेलों के विकास, बंदियों और जेलकर्मियों की सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। यह समिति प्रदेश की जेलों के संबंध में विभिन्न विषयों पर राज्य शासन को अनुशंसाएँ करेगी।

राज्य स्तरीय समिति सघन आबादी वाले और व्यवसायिक महत्व की भूमि पर स्थित जेलों का स्थानांतरण एवं नये जेलों के निर्माण, बंदियों के तनाव प्रबंधन एवं उनके तनाव को दूर करने के लिये उपाय सुझाएगी।

**समाचार संक्षेप में...**

- प्रदेश में रक्षाबंधन के अवसर पर जेल में बंद बंदियों की बहनों को राखी के पर्व पर प्रत्यक्ष मुलाकात कराकर राखी बांधने की अनुमति प्रदान की गई है।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा राजस्व अभियान 2.0 की समीक्षा लगातार की जा रही है। कोलारस अनुविभाग की समीक्षा के दौरान दो पटवारियों को शासकीय कार्य में रुचि न लेने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।
- उर्दू अकादमी द्वारा जश्ने आज़ादी, अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन कल उज्जैन में किया जा रहा है। जिसमें देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शायर अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्र एवं शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करेंगे ।
- आकाशवाणी भोपाल द्वारा कल शाम भोपाल के रवीन्द्र भवन में स्वर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में जानी मानी गायिका शुबहा मुद्गल और ग़ज़ल गायक अहमद हुसैन-मोहम्मद हुसैन अपनी प्रस्तुतियां देंगे.
- शाजापुर में तीन ट्रक आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गए। और
- राजधानी भोपाल के अयोध्या नगर डी-सेक्टर में बदमाशों ने शटर तोड़कर एक दूकान से सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेत करीब 30 लाख रुपये चुरा लिए ।

--------------------------------